# 50 हजार में बिका था मासूम वेद, चार माह बाद मिला

**तीन थानों की पुलिस ने की थी खोजबीन, मिली सफलता**



**सिवनी नवभारत।** बरघाट विकासखंड के ग्राम पौनारकला से अपहृत बालक की तलाश जिले के तीन थानों की पुलिस लगातार कर रही थी। ल बी मशक्कत के बाद पुलिस ने अपहृत बालक को सूफी नगर से खोज निकाला। उल्लेखनीय है कि गत चार माह पूर्व शादी समारोह से देव पिता राजकुमार उइके का अपहरण किया गया था। 23 अप्रैल को ढाई वर्षीय देव के साथ माता पिता शादी समारोह मे आऐ हुऐ बच्चे को नींद आने पर मा के द्वारा समीप के कमरे मे ही सुला दिया गया और माता पिता तथा परिवार के अन्य सदस्य शादी समारोह मे व्यस्त हो गये इसी बीच बच्चे के अपहरण कर लिया गया सबेरे बच्चे को न पाकर माता पिता तथा परिवार के द्वारा बच्चे की तलाश पूरे गांव तथा रिश्तेदारी मे की गई तथा दूसरे दिन माता पिता के द्वारा बच्चे के लापता होने की रिपोर्ट पुलिस थाना बरघाट मे दर्ज करवाई गई बरघाट पुलिस द्वारा अपराध कृमाक 226 धारा 137 -२ भारतीय न्याय सहिता के तहत अपराध पंजीबध करते हुऐ प्रकरण को जांच मे लिया गया था

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपहृत बालक देव को पुष्पा उर्फ पुष्प कला पति रविन्द्र धुर्वे जो की ग्राम पिंडर ई निवासी है किंतु वर्तमान मे महाराणा प्रताप नगर सिवनी मे किराये के मकान मे निवासरत थी जो अब पुलिस थाना बरघाट के अभिरक्षा मे है। देव का अपहरण कर पचास हजार मे बच्चे को बेचने वाली महिला पुष्पा उर्फ पुष्प कला उम्र 35 वर्ष तथा बालक की खरीददार महिला शीला साहू पति राजकुमार उर्फ गोपाल साहू पर अपराध कृमाक 226धारा 137[2] तथा वर्तमान गिरफ्तारी के बाद धारा 143(2) [3] [4] 64[1]न्याय सहिता सहिता के तहत अपराध पंजीबध करते हुऐ जेल भेज दिया गया है

## एसपी ने रखी थी नजर

उल्लेखनीय है की पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता तथा एस डी ओ पी ललित गठरे के द्वारा तीन थानो बरघाट अरी तथा कोतवाली पुलिस टीम सिवनी का गठन किया गया था तथा तीनो थाना की टीम लगातार चार माह से अपहृत बालक के केश मे उलझी हुई थी तथा लगातार पुलिस द्वारा जिले के साथ साथ अन्य जिलो मे भी अपहृत बालक की तलाश की जा रही थी जो सिवनी नगर मे सूत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा दबिश देते हुए अपहृत बच्चे को बरामद करने मे पुलिस ने बडी सफलता हासिल की है यहा यह भी उल्लेखनीय है। बच्चे का अपहरण करने वाली महिला का इस परिवार से तथा शादी समारोह मे शामिल लोगो तथा रिश्तेदारी से दूर दूर तक कोई रिश्ता नही है किन्तु बच्चे के अपहरण को अंजाम देने के लिये यह महिला शादी समारोह मे शामिल हो चुकी थी ।

**चुराने वाली महिला की नहीं थी कोई संतान**

यहा यह बताना भी लाजिमी है लगातार पुलिस की तलाश तथा बच्चे की खरीददार महिला शीला साहू की कोई संतान नही है लोगो के द्वारा छोटे बच्चे को देखा गया जो की खरीददार महिला माह मे एक या दो बार ही घर से बाहर निकाला करती थी जिसकी सूचना भी बरघाट पुलिस को प्राप्त हुई तथा पुलिस द्वारा महिला के घर जाकर बच्चे की तफशीश करने पर सारा खुलासा सामने आ गया यहा यह भी बताना लाजिमी है इन चार माह अपहृत बच्चे को पूर्ण प्यार मा बाप की तरह मिलने से अपहृत बच्चा अपनी मा को तक पहचानने मे असमर्थ था किन्तु जैसे ही पुलिस द्वारा बच्चे को मा की गोद मे सौपा गया मा की खुशी का ठिकाना नही था।



# मुख्य मार्गों में स्थित स्कूलों का समय बदला

**सिवनी नवभारत। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री मेघा शर्मा द्वारा स्कूली समय में सुगम यातायात तथा स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर भारी आवागमन वाले मार्गों में स्थित स्कूल प्रबंधन की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी सिवनी, महर्षि विद्या मंदिर सिवनी, सेंट फ्रांसिस स्कूल सिवनी, उदय पब्लिक स्कूल सिवनी, आईपीएस स्कूल सिवनी के प्राचार्यों एवं जिला शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।**

आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयानुसार स्कूल प्रबंधकों द्वारा सर्वसहमति से अंतराल अनुरूप विद्यालय प्रारंभ करने एवं छुट्टी का समय निर्धारित किया गया। जिसमें महर्षि विद्या मंदिर सिवनी प्रातः 08:15 बजे प्रारंभ एवं दोपहर 02:15 बजे अवकाश एवं सेंट फ्रांसिस स्कूल सिवनी प्रातः 07:50 बजे प्रारंभ एवं दोपहर 02:15 बजे अवकाश के निर्णय लिए गए हैं। इस तरह उदय पब्लिक स्कूल सिवनी प्रातः 08:10 बजे से प्रारंभ होगा एवं दोपहर 02:10 बजे अवकाश एवं आई पी एस स्कूल सिवनी प्रातः 08 बजे प्रारंभ होगा तथा दोपहर 02 बजे विद्यालय प्रारंभ होने एवं अवकाश होने के समय का निर्धारण किया गया है।

बैठक में विद्यालय निर्धारित समय पर ही निर्धारित समय पर ही अवकाश दिया जाएगा। विलंब से आने वाले छात्रों के लिए विद्यालय प्रशासन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जावेगी। विद्यालय में छात्र/छात्राओं के वाहन आटो / बसों को विद्यालय के अंदर ही खड़ा कर छात्र/छात्राओं उतारा जावेगा। वाहन के वाहन चालकों द्वारा रोड पर नहीं उतारा जावेगा। यदि किसी वाहन चालक द्वारा छात्र/छात्राओं को रोड पर उतारना पाया जाता है तो उसके लिए विद्यालय प्रशासन जबाबदार होगा तथा आटोचालक एवं बस के विरूद्ध आरटीओ विभाग द्वारा कार्यवाही की जावेगी।विद्यालय प्रारंभ होने एव अवकाश के समय विद्यालय प्रशासक द्वारा दो-दो गार्ड विद्यालय के बाहर खड़े करना आवश्यक होगा और उनके द्वारा विधिवत वाहनों को विद्यालय के अंदर किया जावेगा और स्टापर विद्यालय प्रशासन द्वारा ही बनाया जावेगा।विद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं के अभिभावकों एवं पालकों को बच्चों को समय पर विद्यालय भेजे जाने हेतु सूचना जारी करने के निर्देश सभी प्राचार्यो को दिये गये।

## एक नजर में

### 60 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी पकड़ाया

सिवनी। बंडोल पुलिस ने सियाराम उईके को बाईक में अवैध हाथ भट्टी महुआ की 60 लीटर कच्ची शराब लेकर जाते गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी बंडोल उनि. अर्पित भैरम के द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये टीम गठित कर रवाना होकर ग्राम सागर और पोतलपानी के बीच पुलिया के पास एक काले रंग की स्पेलेडर प्लास टू व्हीलर में एक व्यक्ति दो तात का थैला आगे टागकर और पिट्ठू बैग पीछे लटकाकर आते दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे घेराबंदी कर पकडा जिससे उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम सियाराम पिता प्रेमचंद उईके उम्र 30 साल निवासी उटेकटा थाना छपारा जिला सिवनी का रहने वाला बताया

### अवैध सागौन परिवहन करते आरोपी पकड़ाया

सिवनी। बरघाट परियोजना मंडल सिवनी के कान्हीवाड़ा परिक्षेत्र में वन विभाग द्वारा की जा रही सतत रात्रि गश्त के दौरान अवैध सागौन परिवहन करते आरोपियों को पकड़ा है। कुछ आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी दिनेश झारिया एवं उनकी टीम ने बीट जेवनारा के मुआरी रैयत से खापा के मध्य एक नाले के समीप संदिग्ध गतिविधि देखी। मौके पर पहुँचकर उन्होंने चार व्यक्तियों को मोटरसाइकिल द्वारा कीमती सागौन लकड़ी का अवैध परिवहन करते हुए पाया। कार्रवाई के दौरान नरेश पिता चैतराम भलावी (35 वर्ष), ग्राम बंजर को मौके पर गिर तार कर लिया गया, जबकि अन्य तीन आरोपी राजेन्द्र पिता भगतसिंह धुर्वे (33 वर्ष), ग्राम बंजर, संतोष गोंड (33 वर्ष), ग्राम मुआरी रैयत, गट्टू पिता फागूलाल (30 वर्ष), ग्राम मुआरी रैयत अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। आरोपियों के कब्जे से पांच नग सागौन की सिल्ली और दो बाइक जब्त कर मामल दर्ज किया गया है।

### महाराष्ट्र के मंत्री आशीष जायसवाल पहुंचे बरघाट



बरघाट। पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के नागपुर जिले की रामटेक विधानसभा से लगातार जीतकर विधायक बनने वाले तथा वर्तमान में महाराष्ट्र सरकार के वित्त व नियोजन तथा कृषि विभाग के राज्यमंत्री एडवोकेट श्री आशीष जायसवाल जी का विगत दिवस बरघाट आगमन हुआ। वे यहाँ अपनी बहन बरघाट के पूर्व पार्षद जायसवाल ऋषभ जायसवाल की माताजी से मिलने पहुँचे थे। विदित हो कि ऋषभ जायसवाल की माताजी का स्वास्थ्य खराब चल रहा ह और उनका पिछले 15 दिनों से नागपुर के हास्पिटल में उपचार चल रहा था। महाराष्ट्र राज्य सरकार के मंत्री आशीष जायसवाल के आगमन पर ऋषभ जायसवाल सहित मित्रगणों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पारिवारिक चर्चा के साथ साथ मंत्री जी ने सभी उपस्थित लोगों से मेल मुलाकात की। इस अवसर पर बरघाट कलचुरी समाज के पदाधिकारियों ने भी महाराष्ट्र सरकार के मंत्री आशीष जायसवाल जी का स्वागत सम्मान किया और भविष्य में बरघाट में आयोजित होने वाले सामाजिक सम्मेलन हेतु मंत्री जी की सहमती प्राप्त की।

# महंगे दर में बेच रहे थे उर्वरक, कालाबाजारी पर एफआईआर दर्ज



सिवनी नवभारत। कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक कृषि सिवनी के मार्गदर्शन में जिलें में कृषकों को गुणवत्ता युक्त कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश?य से निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में निरीक्षण दल द्वारा ग्राम दूधिया वि.ख. केवलारी में प्राप्त शिकायत के आधार पर नरसिंह नारायण ट्रेडर्स ग्राम दूधिया में स्थित कृषि केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित कृषि केन्द्र के पास ऑनलाईन स?टॉक में 139.2.35 मैट्रिक टन यूरिया, 25 मैट्रिक टन डी.ए.पी. एवं 10 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरकों का स्टॉक था,किन्तु भौतिक रूप से संबंधित के गोदाम में 2.75 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट दानेदार एवं 8 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट पाउडर एवं 0.35 मैट्रिक टन बायो पोटास ही भण्डारित होना पाया गया। संबंधित फर्म के संचालक दीपक साहू से ऑनलाईन स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में पाये गये अन्तर के संबंध में कोई भी स्पष्ट जानकारी एवं दस्तावेज प्रस्तुत नही किये गये। श्री दीपक साहू द्वारा प्रस्तुत बिल बुक में अलग-अलग कृषकों को उर्वरकों का वितरण निर्धारित दर से अधिक दर पर विक्रय होना पाया गया। श्री दीपक साहू द्वारा उर्वरक वितरण में गंभीर अनियमितता बरते जाने पर संबंधित के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1995 एवं आवष्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धाराओं में थाना केवलारी में दिनांक 05/08/2025 को एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था में अनियमितता बरतने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# करेंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**सिवनी नवभारत।** सिवनी पुलिस लाईन में निर्माणाधीन भवन में कार्य कर रहे मजदूर की करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार को मजदूर निर्माणाधीन भवन में बिजली का कनेक्शन के लिए तार बोर्ड में लगा रहा था इसी दौरान उसे करेंट का जोरदार झटका लग गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया है। साथ ही मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

# जिले में 730 .2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

सिवनी। भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 05 अगस्त 25 तक 730.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 05 अगस्त 25 तक विकासखंड सिवनी में 666.6 मि.मी, कुरई में 386.0 मि.मी., बरघाट में 510.1 मि.मी., केवलारी में 907.0 मि.मी., छपारा 787.5 मि.मी, लखनादौन में 713.0 मिमी, धनौरा में 714.4 मिमी एवं घंसौर में 1157.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 5841.6 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 05 अगस्त 2024 तक कुल 7084.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

# आवारा मवेशी घुसा कार में,बाल-बाल बची महिला

**नगर में आवारा मवेशियों की भरमार परेशान नगरवासी**



**छपारा नवभारत।** 5 अगस्त को नगर के बस स्टैंड के समीप स्थित ग्रामीण क्षेत्रीय बैंक शाखा के पास भीमगढ की ओर से एक आ रही चलती कार के सामने वाली कांच में एक आवारा मवेशी का सिर घुस गया जिससे जहां कार में बैठे सवार घबरा गए गनीमत रही कि कार के सामने बैठी महिला को हल्की-फुल्की चोटें आई वहीं तेज रफ्तार से वाहन के कांच में सिर घुसने से मवेशी को भी सिर पर चोटें आई हैं नगर में आवारा मवेशियों की संख्या पर छपारा नगर परिषद की निष्क्रियता को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार नगर के भीमगढ रोड़ तिराहे के गौहर काम्प्लेक्स के सामने भीमगढ़ की ओर से ग्राम सरंडिया निवासी मुकेश डेहरिया अपनी पत्नी को नगर के बस स्टैंड छोड़ने के लिए आ रहे थे तभी लगभग शाम 7 बजे सामने से आवारा कुत्तों के डर से आवारा मवेशियों का एक झुंड दौड़ते हुए आया और एक गाय कार के सामने हिस्से में टकराते हुए कार के सामने वाले कांच में सिर फंस गया मौके पर उपस्थित लोगों ने कार से गाय को निकाला वहीं सामने की सीट पर बैठी हुई उनकी पत्नी को उन्होंने वहां से निकाला नगर परिषद छपारा बढ़ती आवारा मवेशियों की संख्या को लेकर सख्त कदम नहीं उठाए जाने से इस प्रकार की स्थिति निर्मित हो रही है ज्ञात हो कि नगर परिषद छपारा को नए काऊ केचर वाहन की सुविधा भी उपलब्ध है परंतु क्या कारण है कि नगर से आवारा मवेशियों को सुरक्षित गौशाला में नहीं पहुंचाया जा रहा है जहां उनकी देखभाल हो सकें।

# प्राचार्य झारिया को सेवानिवृति पर दी बिदाई



बरघाट नवभारत। शासकीय महाविद्यालय बरघाट सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. सी बी झारिया का सेवानिवृत्त सम्मान सह विदाई समारोह विगत दिवस डा. बी.एल.इनवाती नवनियुक्त प्रभारी प्राचार्य की अध्यक्षता आयोजित किया गया। जिसमें जनभागीदारी अध्यक्ष देवेन्द्र राहगडाले पूर्व विधायक अर्जुन सिह काकोडिया, पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष अनिल सिह ठाकुर, राजेन्द्र ठाकुर, नरेश राजपूत, श्रीमती ज्योति राजपूत वि.वि.कार्य परिषद सदस्य, प्राचार्यगण डा. जी.एल.तलवरे लखनादौन, डा. एस.आर बेलवंषी छपारा , डा. अमिता पटेल, डा. इगले कन्या सिवनी, जनभागीदारी सदस्य गौरव राहंगडाले, कमलेश टेमरे, प्रो. पंकज गहरवार, प्रो पंकज शेण्डे, प्रो. टी.एस.राय, मुरारी मिश्रा, छत्रपालसिह जाटव एवं नगर के गणमान्य नागरिक, डा. प्रदीप त्रिवेदी, डा.हरिहर सोलंकी महाविद्यालय स्टाप एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# स्वतंत्रता दिवस पर भाजपा करेगी विभिन्न आयोजन


**आज हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा आयोजन महत्वपूर्ण बैठक**

सिवनी नवभारत। आज हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा आयोजन हेतु जिला भाजपा कार्यालय, सिवनी के सभाकक्ष में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ नेतृत्व, भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री, मोर्चों के जिलाध्यक्ष, कार्यक्रम के निमित्त बनाये गये संयोजक और सह संयोजक शामिल हुए। इन कार्यक्रमों मे जिला संयोजक वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल , एवं सह संयोजक मुकेश बघेल एवं डॉ अभिजीत चौहान को बनाया गया।

# भुरकल खापा के पहाड़ी नाले के समीप मिला शव

**व्यक्ति का शव पुराना होने के चलते नहीं हो सकी शिनाख्त**

**सिवनी नवभारत।** भुरकलखापा गांव के पास स्थित बिठली के एक सुनसान पहाड़ी नाले में मंगलवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब वहां एक अज्ञात व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ पाया गया। शव गमछे के सहारे फांसी पर लटका हुआ था, जिससे प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या जैसा प्रतीत हो रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बताया कि शव करीब 5 से 7 दिन पुराना है और सड़ने की अवस्था में था। मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। उसने काली टी-शर्ट और काली जींस पहन रखी थी। पुलिस के अनुसार, शव जिस अवस्था में मिला है, उससे ये साफ है कि घटना कई दिन पुरानी है। लेकिन सबसे हैरानी की बात यह है कि अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। आसपास के गांवों में भी किसी व्यक्ति के लापता होने की सूचना दर्ज नहीं कराई गई है।

# रेवती नगर में महिलाओं ने किया पौधारोपण



**सिवनी।** आज किदवई वार्ड रेवती नगर गंगा नगर की महिलाओं द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। साथ मे मंदिर समिति के सदस्यों ने भी इस कार्यक्रम में सयोग दिया। नगरपालिका द्वारा पोधे लगबाये गये । साथ ही वार्ड की सभी महिलाओं ने नगरपालिका की उपयंत्री श्रीमती बंदना मरकाम का सहयोग के लिए स्वागत किया गया। इस सराहनीय कार्य के लिए किदवई वार्ड के पार्षद चंदन सिंह खताबिया द्वारा भी नगरपालिका की उपयंत्री को इस सराहनीय कार्य के लिये समस्त किदवई वार्ड वासियो की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया,इसी शहर के हर वार्ड मे भी वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जाना सुनिश्चित किया गया। वृक्षारोपण मे बडी संख्या मे उपस्थित वार्ड की महिलाए एवं पुरूषों ने वृक्षारोपण मे अपना सयोग दिया। इसमें पूर्व पार्षद भूवनेश्वर शुक्ला, घनश्याम डहेरिया, देवेंद्र चंद्रवंशी , गोविंद नारायण सनोडिया ,बी.एन.शर्मा, कैलाश आम्रबंशी, ओम प्रकाश सनोडिया, नितेश दुबे,रामकृष्ण दुबे, दिनेश महोविया,अभिनाश तिवारी, शंकर राव, सुखराम रिनायत, विजय कुरौठे, निरू निर्मलकर, नितेश पालीवाल, आयूष सनोडिया महिला मंडल सकुन सनोडिया ,निशा नाग, सविता सनोडिया, ममता आम्रबंशी, सोना महोविया,मंजू जंघेला,माया दुबे,अनीता डहेरिया, पवन रेखा रिनायत, तारा अर्जुन वार, दुलारी शर्मा, माया विश्वकर्मा, शशि कार्तिकेय,दुर्गा टैकाम,सोनू विश्वकर्मा, गीता बघेल, राजकुमारी राय,ग्यारसी साहू, सरला डहेरिया, सुनीता रजक,प्रिती साहू, शशिसायल वार,निर्मला बैस, सविता बघेल, लक्ष्मी, विश्वकर्मा, राजनंदनी अवधिया आदि महिलाएं उपस्तिथि थी ।

**सावन** मठ मंदिर समेत जिले भर में हों रहे धार्मिक आयोजन

# सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में रहा भक्तों का तांता



**सिवनी नवभारत।** आज सावन माह के चौथे और अंतिम सोमवार को मुख्यालय समेत जिले के देवालयों में सुबह से श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ रही है। यहां भक्तों द्वारा महादेव का महाभिषेक किया जा रहा है। वहीं जगह-जगह कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया है। बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा कांवड़ पर बैनगंगा नदी का जल लेकर देवाधिदेव का अभिषेक किया जा रहा है।

देवालयों में पूजन-पाठ और अभिषेक के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नगर के सिद्धपीठ मठ मंदिर, देसाई मंदिर, शंकर मढ़िया, महाकालेश्वर टेकरी, बालरूप हनुमान मंदिर, भैरोगंज स्थित शिव मंदिर, गुरु रत्नेश्वर धाम दिघोरी सहित अन्य शिव मंदिरों में शिव अभिषेक करने सुबह से श्रद्धालू पहुंच रहे हैं। मुख्यालय के अलावा जिले के धनोरा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, छपारा, बरघाट और कुरई विकासखंडों में स्थित शिव मंदिरों में भी भक्तों का तांता लग रहा है। शहर के सिद्धपीठ मठ मंदिर में स्थापित शिवलिंग का सावन माह में हर दिन विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। यहां राम दरबार की स्थापना के साथ ही अखंड रामायण पाठ जारी है। शहर के बालरूप हनुमान मंदिर में हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगीतमय सुंदरकांड पाठ करने पहुंच रहे हैं।दूध, दही, शहद, घी से पूजन अभिषेक के अलावा धतूरा, बेलपत्र से महादेव का पूजन उत्तम फलदायी होता है।

महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी राघवेंद्र शास्त्री ने बताया है कि महाकालेश्वर 108 शिवलिंग मंदिर बोरदाई टेकरी में भोलेनाथ का रुद्राभिषेक दूध धारा, जलधार से हो रहा है। शाम के समय महा आरती होगी उन्होंने भक्तों से बड़ी संख्या में विशेष रुद्राभिषेक में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आव्हान किया है। सेकड़ों की संख्या में श्रद्धालु बैनगंगा नदी का जल कांवड़ में भरकर मठ मंदिर पहुंच रहे हैं। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह कांवड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं फलाहार और जूस आदि पेय पदार्थ की व्यवस्था की गई है। कहानी ग्राम से भक्तों का जत्था मां वैन गंगा मझगवां के लिए कावड़ लेकर रवाना हुआ है और वापसी में कावड़ में जल लेकर पैदल लगभग 40 किलोमीटर मे खमरिया, मालखेड़ा, लालपुर व धनोरा के साथ मिलकर सामूहिक कावड़ यात्रा नगर कहानी वापस पहुंच रही है।

पैसा ठीक होने के बाद
जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
शादी के पहले एवं शादी के बाद की कमजोरी, उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, टाइमिंग की कमी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का टेढ़ापन छोटापन, नि:संतानता, शिथिलता, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का सफल इलाज किया जाता है
सिवनी में मिलें हर मंगलवार व बुधवार प्राइवेट बस स्टेण्ड बैनगंगा काम्पलेक्स, शाप नं.-63, सिवनी
बालाघाट में मिलें हर शनिवार व रविवार गुरूनानक पेट्रोल पम्प के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट
9243880464,7879453857


श्री श्याम आयुर्वेदिक
गुप्त रोगी मिलें, जोश व टाईम बढ़ायें
शीघ्रपतन, स्वप्न दोष, नामर्दी, धातु, ढीलापन, बचपन में की गलतियों से नसों में आयी कमजोरी, इंद्रीय में पतलेपन व छोटा होना एवं शुक्राणु की कमी, सभी प्रकार के महिला व पुरुष के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है
पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
आशीर्वाद हॉस्पिटल के सामने, शुक्रवारी सिवनी मो.न 8989145127